हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 28 मार्च 2024

04 इलाके में हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया गया ...



07 साल दर साल कलगी-तुर्रा कार्यक्रम की कम होती ...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2395 | 4301 |
| गेहूं 1544 | 2011 | 2952 |
| चना | 2850 | 5717 |
| मसूर | 2800 | 5890 |
| सोयाबीन | 2200 | 4600 |
| सरसों | 3761 | 5385 |
| धान | 1700 | 3802 |
| उड़द | 0000 | 0000 |
| तेवड़ा | 3400 | 4410 |
| धनिया | 4400 | 4400 |
| मूंग | 0000 | 0000 |




# कंपाउंड नंबर 101 की चंदला बली पहाड़ी पर जंगल में भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

वन परिक्षेत्र के वन विकास निगम के कंपाउंड नंबर 101 ग्यारसपुर के चंदला बली की पहाड़ी पर जंगल में भीषण आग लग गई। जिससे हरे भरे वृक्ष जलकर खाक हो रहे हैं। वहीं जंगल में अनेक प्रकार की वन संपदाएं होती हैं आग की चपेट में आने के चलते स्वाहा हो रही हैं। प्रतिवर्ष गर्मियों में आग लगने की घटना सामने आती हैं। इसके बावजूद भी वन विभाग का अमला आग को बुझाने में तत्परता नहीं दिखाता। जिसके चलते हरे भरे वृक्ष जंगल में आग की चपेट में आ जाते हैं। जंगल में रहने वाले वन्य प्राणी भी आग से झुलस जाते हैं। जंगल में पहुंचे वन विकास निगम के नाकेदार प्रमोद गुप्ता के साथ चौकीदार शराफत खान एवं एक अन्य मजदूर के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। परंतु आग काफी लंबी चौड़े एरिया में लगी है। जिसके चलते आग पर काबू पाना बहुत मुश्किल है। आग लगातार बढ़ती जा रही है।

## खबर संक्षेप

### छुट्टी के आवेदनों का परीक्षण करेंगी डिप्टी कलेक्टर निकिता

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले में लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया को ध्यानगत रखते हुए विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों के अवकाश के आवेदनों के परीक्षण हेतु संयुक्त कलेक्टर निकिता तिवारी को अधिकृत किया है। अवकाश संबंधी सभी आवेदन संयुक्त कलेक्टर सुश्री तिवारी के माध्यम से स्वीकृति के लिए अग्रेषित किए जाएंगे।

### शनिवार को बंद रहेंगी शराब दुकानें

**विदिशा।** शनिवार 30 मार्च को रंगपंचमी के कारण शराब दुकानें बंद रहेंगी। जिले की 73 कम्पोजिट शराब दुकानें 30 मार्च को शाम 4 बजे तक बंद रहेंगी। वहीं हॉट बामोरीशाला की शराब दुकान पूरे दिन बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवधि में जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं वाइनशॉप नियत तिथि व समय अवधि तक बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं।

### डाकमत संबंधी प्रशिक्षण आज दिया जाएगा

**विदिशा।** चुनाव के काम में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को डाकमत पत्र की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए आज गुरूवार 28 मार्च प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी सुश्री निकिता तिवारी ने बताया कि कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में दोपहर 12.30 बजे से शुरू होगा।

### निर्वाचन कार्य समय पर करने के निर्देश

**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारियों से चर्चा की। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा को निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन कार्यो का पत्राचार समय पर हो ऐसे विभाग जो समय पर जानकारियां उपलब्ध नहीं करा रहे हैं उन्हें रिमाण्डर अनिवार्य रूप से दिया जाए। ताकि भविष्य में इस प्रकार की पुर्नरावृत्ति न हो। अपर कलेक्टर श्री डामोर ने मतदान कर्मियों के लिए आयोजित होने वाले प्रशिक्षण, विधानसभावार कंट्रोल रूम गठित करने के साथ-साथ विभिन्न प्रकोष्ठो के माध्यम से संपादित होने वाले कार्यो का जायजा लिया है।

### लोकसभा चुनाव की ड्यूटी के लिए कर्मचारियों को किया जा रहा तैयार

# 7260 मतदानकर्मियों को 7 स्थलों पर दो-दो शिफ्ट में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**विदिशा में 2427, बासौदा 1279, ग्यारसपुर 623, कुरवाई 617, लटेरी में 655, नटेरन में 719, सिरोंज में 940 मतदानकर्मी नियुक्त**

- 7 मई को विदिशा बासौदा के कर्मचारियों का प्रशिक्षण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर ने लोकसभा चुनाव के लिए जिले की पांचों विधानसभाओं में मतदान दलों के अधिकारियों के लिए प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा जारी प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार 1 से 5 अप्रैल के दरम्यिान नियुक्त सभी मतदान दलों के अधिकारियों को प्रशिक्षण नियत स्थलों पर विधानसभावार आयोजित किया गया है।

लोकसभा चुनाव अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 सागर के अंतर्गत विदिशा जिले की तीन विधानसभाएं कुरवाई, सिरोंज और विधानसभा क्षेत्र शमशाबाद शामिल है। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के अंतर्गत जिले की दो विधानसभा विदिशा एवं विधानसभा क्षेत्र बासौदा शामिल हैं। दोनों संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मतदान तिथि सात मई आयोग द्वारा नियत की गई है। विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं में मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने कुल 7260 मतदानकर्मी तैनात किए जाएंगे। इन मतदानकर्मियों के लिए एक से पांच अप्रैल तक प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी तथा मतदान दल अधिकारी क्रमांक एक, मतदान दल अधिकारी क्रमांक दो एवं मतदान दल अधिकारी तीन प्रशिक्षण में शामिल होंगे। मतदान अधिकारी, कर्मचारियों के लिए दो-दो सत्रो में प्रशिक्षण दस से एक बजे तक और द्वितीय प्रशिक्षण दो से पांच बजे तक आयोजित किया जाएगा। विधानसभा मुख्यालय पर नियत तिथि व समय पर आयोजित प्रशिक्षण स्थल विदिशा के प्रशिक्षणार्थियों हेतु एसएटीआई डिग्री कॉलेज विदिशा में, बासौदा के मतदान अधिकारी व कर्मचारियों के लिए लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय बासौदा में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 सागर संसदीय क्षेत्र में शामिल कुरवाई (अजा) के मतदान अधिकारी व कर्मचारियों हेतु शासकीय सीएम राइज स्कूल कुरवाई में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इसी प्रकार सिरोंज के शासकीय लालबहादुर शास्त्री कॉलेज में तथा शमशाबाद के जवाहर नवोदय विद्यालय महानीम चौराह शमशाबाद में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

### हर कक्ष में 40-40 प्रशिक्षणार्थी को दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के लिए हरेक कक्ष में 40-40 प्रशिक्षणार्थी शामिल होंगे। प्रशिक्षण स्थलों पर कक्षवार निर्धारित संख्या तदानुसार एसएटीआई डिग्री कॉलेज विदिशा के सात कक्षों में, शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय बासौदा के पांच कक्षों में, सीएम राइज स्कूल कुरवाई के छह कक्षों, शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सिरोंज के छह कक्षों में, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज शमशाबाद रोड लटेरी के तीन कक्षों में, जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद के आठ कक्षो में तथा सीएम राइज स्कूल ग्यारसपुर के चार कक्षों में मतदानदलकर्मियों के लिए प्रशिक्षण नियत तिथि व समय पर आयोजित किया गया है। विधानसभावार कुल 138 सेक्टर आफीसर नियुक्त किए गए हैं। वहीं 26 रिजर्व में रखे गए हैं। जिले की पांचों विधानसभाओं में 15 एसएसटी टीम गठित की गई हैं, इन टीमों में कुल 45 अधिकारी कर्मचारी संलग्न किए गए हैं। इसी प्रकार पांच व्हीएसटी टीम, 15 एफएसटी टीम और रिजर्व हेतु 35 अधिकारी, कर्मचारी एसएसटी, एफएसटी और व्हीएसटी हेतु रखे गए हैं।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं का होली मिलन समारोह हुआ

# कांग्रेस नेता शशांक भार्गव के भाजपा में जाने पर कांग्रेसियों ने की तीखी-तल्ख टिप्पणियां

कांग्रेस से पूर्व विधायक रह चुके शशांक भार्गव ने मंगलवार की शाम को भोपाल पहुंचकर भाजपा ज्वाइन कर ली है। वह कांग्रेस के टिकट पर पांच बार चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा में जाते ही कांग्रेसियों ने उन पर जमकर प्रहार करते हुए तीखी टिप्पणियां कीं हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बुधवार को रघुवंशी धर्मशाला में कांग्रेस कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेताओं का होली मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने कहा की कांग्रेस कार्यकर्ता पोलिंग बूथ पर तैयार हो जाएं। अब कांग्रेस के हर कार्यकर्ता को सम्मान मिलेगा। पूर्व सेवादल अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता जो कांग्रेस पार्टी छोड़कर आप पार्टी में शामिल हो गए थे उन्होंने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा हर कार्यकर्ता का सम्मान करना मेरा प्रथम दायित्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा की भाजपा की कथनी और करनी का अंतर जनता के बीच जाकर बताएं। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा विकास किया है और कांग्रेस पार्टी की सरकार आई तो आगे भी विकास होगा। जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने कहा पूर्व विधायक शशांक भार्गव की पहचान कांग्रेस पार्टी से थी। कांग्रेस पार्टी ने उनको पांच बार टिकट दिया। इसके बाद भी वह भाजपा में शामिल हो गए। उनके जाने से कांग्रेस पार्टी और मजबूत होगी। शशांक भार्गव अपनी पोलिंग तक नहीं जीत पाए वह भारतीय जनता पार्टी के लिए क्या वोट मांगेंगे। पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र पीतलिया ने कहा हम कांग्रेस पार्टी के साथ थे और रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमल सिलाकारी बसंत जैन, मनोज कपूर, रणधीर सिंह ठाकुर, पंकज जैन, रहमान फारूखी, विकास शर्मा, आनंद प्रताप सिंह, करतार सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मरीजों और उनके परिजनों को वोट डालने किया जागरूक


**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिला अस्पताल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वीप गतिविधि के तहत जिला चिकित्सालय में सिविल सर्जन डॉक्टर शिरिष रघुवंशी ने सभी चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मरीज के परिजनों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई एवं नागरिकों से सामूहिक चर्चा की। सिविल सर्जन डॉक्टर रघुवंशी ने अस्पताल में उपस्थित सभी मरीजों के परिजनों से मतदान करने के लिए उचित समझाइश दी ताकि जिले में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़े और विदिशा जिला सर्वाधिक मतदान वाला जिला बने। डॉक्टर रघुवंशी ने कहा कि जिला चिकित्सालय मे प्रतिदिन स्वीप गतिविधि को एक अभियान के रूप मे चलाया जाएगा।

# 37 डिग्री पर पहुंचा पारा, मौसम विभाग ने जताई बारिश संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मौसम के मिजाज में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम में आए परिवर्तन के कारण दिन और रात के तापमान में उछाल आ रहा है। जिसके कारण गर्मी का असर बढ़ता जा रहा है।

इधर आसमान में बादल भी छा रहे हैं। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि भी हो सकती है। मार्च की आखिरी सप्ताह में तापमान 37 डिग्री के पार हो गया है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। जिसके तेज गर्मी का एहसास होने लगा है। मंगलवार को दिन का तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस और रात का पर 20 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसे में मौसम विभाग के अनुसार आज उच्चतम तापमान 37 डिग्री से 38 डिग्री के बीच रह सकता है और रात के तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। 29 मार्च से एक्टिव हो रहे वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर देखने को मिल सकता है।



### खेतों में कटी पड़ी है फसल

इधर खेतों में फसल कटाई का काम चल रहा है। खेतों में फसलें कटी पड़ी हैं। ऐसे में यदि बारिश होती है तो किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। किसानों ने बताया की अभी 40 प्रतिशत खेतों में ही कटाई हो पाई है। जिन किसानों ने बाद में बोवनी की थी। उसनकी अभी कटाई चल रही है। कई किसान थ्रेसिंग के काम में लगे हुए हैं। खलियानों में गेहूं पकड़ा है। ऐसे में यदि बारिश होती है तो किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल स्पर्धा में द्वितीय स्थान पर रहा मध्यप्रदेश

### प्रतियोगिता में महज तीन गोल से जीता दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



**विदिशा।** विजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर में खेली गई हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में विदिशा हैंडबॉल एसोसिएशन के नेतृत्व में 45 वीं जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता विदिशा में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में देश से 26 राज्यों की टीमों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। फाइनल मुकाबला मध्य प्रदेश बनाम दिल्ली के मध्य खेला गया। जिसमें शुरुआत से ही दिल्ली ने बढ़त बनाई। लेकिन हाफ टाइम के बाद पलट वार करते हुए पवन के गोलों के मदद से मध्य प्रदेश की टीम ने कई गोल अर्जित किए। लेकिन 30-27 के स्कोर से मैच गवा दिया। प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से तृतीय और चतुर्थ स्थान बिहार और तमिलनाडु को प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय हैंडबॉल महासचिव प्रतिपाल सलूजा ने प्रतियोगिता का व्यवस्थित आयोजन करने सभी सहयोगी टीम को धन्यवाद दिया और कहा कि सीनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी विदिशा को दिया जाएगा। प्रतियोगिता अध्यक्ष नागेंद्र लोधी द्वारा सभी अतिथियों और खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया गया।

### कुरवाई तहसील के बम्होरी गांव में फसल काटने आए मजदूरों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर लगाई गुहार

# तीस मजदूरों से 25 दिन तक फसल कटवाई,अब भगा दिया

### कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर ने आश्वासन देकर राशि दिलाने की कही बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

उमरिया जिले से 30 मजदूर कुरवाई तहसील के ग्राम बम्होरी में एक किसान के खेत पर फसल काटने आए थे। किसान ने मजदूरों से फसल तो कटवा ली लेकिन अब मजदूरी देने से इनकार किया जा रहा है। तकरीबन 25 दिन तक फसल कटवाई गई। मजदूरों ने बताया की 300 रुपेय प्रति व्यक्ति के हिसाब से मजदूरी देने की बात हुई थी।

करीब दो लाख 25 हजार रुपए मजदूरी बन रही है। लेकिन किसान ने कोई भी राशि नहीं दी। मजदूरों ने बताया की पांच हजार रुपए आने जाने का किराया देकर भगा दिया गया। अब राशि मांगने पर गाली गलौज की जा रही है। इस बात की शिकायत लेकर सभी मजदूर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां डिप्टी कलेक्टर के सामने उन्होंने फरियाद रखी। डिप्टी कलेक्टर ने राशि दिलाए जाने का आश्वासन दिया है।

### दूज पर चित्रगुप्त मंदिर में हुआ भगवान का अभिषेक, आमसभा में आय व्यय का ब्योरा दिया

# कलम-दवात की पूजा के बाद चलाई कलम

### रविवार को आयोजित किया जाएगा होली मिलन समारोह, ऋषि श्रीवास्तव देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

दूज के अवसर पर कायस्थ समाज के लोगों द्वारा घरों में भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना करने के बाद कलम चलाई। वहीं शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में सुबह 9 बजे भगवान चित्रगुप्त का अभिषेक किया गया। नए वस्त्र पहनाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। वहीं शाम को भगवान चित्रगुप्त को भोग लगाया गया। सुबह पूजा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में समाजजन मंदिर पहुंचे। शाम 5 बजे आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने आय व्यय का ब्योरा दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट प्रदीप वर्मा और प्रोफेसर रेखा श्रीवास्तव मौजूद रहीं। कायस्थ परिवारों में दूज के अवसर पर कलम दवात की पूजा अर्चना की जाती है और पूजन के बाद ही समाजजन कलम का उपयोग करते हैं। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया की 31 मार्च को समाज का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने पर आमसभा के दौरान चर्चा की गई। इसमें कार्यकारिणी का विधि शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया की 31 मार्च रविवार को होली मिलन समारोह में भजन गायक ऋषि श्रीवास्तव और पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र सक्सेना द्वारा भजनों और फाग गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

कायस्थ सभा के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राममोहन श्रीवास्तव, सचिव अखिलेश सक्सेना, कोषाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव , सह सचिव डॉ हेमंत श्रीवास्तव ने समाजजनों से होली मिलन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, गोकाष्ठ पर्यावरण विद डॉक्टर योगेंद्र कुमार सक्सेना, रियल स्टेट व्यवसायी सुधीर श्रीवास्तव रहेंगे।



### साइकिल रैली 31 को, शामिल होने ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया जारी

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव में जिले के सभी मतदाता अपने-अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान करें ताकि विदिशा जिला मतदान प्रतिशत के मामले में अव्वल रहें। इसके लिए इसी कड़ी के तहत रविवार 31 मार्च को साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। मतदान के प्रति जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत बढाने हेतु रविवार 31 मार्च की सुबह 7.30 बजे से जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित साइकिल रैली एसएटीआई कॉलेज से प्रारंभ होकर पीतलमील चौराह, कांच मंदिर, तिलक चौक से होते हुए एमएलबी स्कूल और फिर खेल मैदान स्टेडियम में सम्पन्न होगी। साइकिल रैली में शामिल होने के लिए पंजीयन ऑनलाइन कराना होगा।

## खबर संक्षेप

### नाबालिगों को परिजनों को सौंपा

**गंजबासौदा।** गत दिवस फरियादी ने अपने नाबालिग पुत्र उम्र 5 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर धारा 363 भादंवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मंगलवार को सिटी थाना पुलिस टीम द्वारा निरीक्षक संजीव कुमार चौकसे के नेतृत्व में लक्ष्मण डाबर द्वारा अपहृत बालक को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की गई। वहीं एक अन्य घटना में फरियादी ने अपनी नाबालिग बालिका उम्र 16 वर्ष 4 माह को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट कराई थी। जिस पर भादंवि की धारा 363 भादंवि का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। बुधवार को सिटी थाना पुलिस द्वारा निरीक्षक संजीव कुमार चौकसे के नेतृत्व में पुलिस टीम के जितेन्द्र शर्मा द्वारा अपहर्त बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। उक्त कार्य में थाना प्रभारी संजीव कुमार चौकसे, लक्ष्मण डाबर, जितेन्द्र शर्मा, भूपेन्द्र चौबे, राजू जाट, सरमन साहू, संतोष मरकाम, अंकिता अग्निहोत्री का सराहनीय सहयोग रहा। दोनों नाबालिग बालक, बालिका को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### बाइक आपस में टकराई

**त्योंदा।** गत दिवस सुमेर दांगी में दो बाइक आपस में टकरा गई। जिसमें ग्राम मदनई निवासी अंकित दांगी नामक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए त्योंदा स्वास्थ्य लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकर द्वारा उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर किया गया।

### शराब सस्ती होने से झूमते दिख रहे शराबी

**त्योंदा।** इन दिनों त्योंदा क्षेत्र में शराब के दाम कम होने से जगह-जगह शराबी झूमते नजर आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह शराब बिकने से लोग परेशान हो रहे हैं। ग्राम लगधा, मूड़रा, नयागांव, पिपराहा, खामखेड़ा आदि ग्रामों में शराब बिक रही है और शराब माफिया के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

### बलवंत सिंह राजपूत का निधन

**गंजबासौदा।** नवांकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य पहलवान सिंह राजपूत के पिताजी बलवंत सिंह राजपूत का गत दिवस निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम जोहद में किया गया। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



# एक बार फिर समय पर नहीं पहुंची एंबुलेंस, प्रायवेट वाहन का लेना पड़ा सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस डाउन लाइन से आ रही गाड़ी कुशीनगर एक्सप्रेस के ड्राइवर ने सुमेर गुलाबगंज सेक्शन में एक व्यक्ति को घायल अवस्था में पड़ा देखा ड्राइवर ने तत्परता दिखाते हुए गाड़ी को तुरंत रोककर इसकी सूचना गार्ड एवं सेक्शन कंट्रोलर भोपाल को दी। सेक्शन कंट्रोलर द्वारा घटना की जानकारी गंजबासौदा स्टेशन मास्टर को दी गई। सेक्शन कंट्रोलर से सूचना मिलते ही ऑन ड्यूटी उप स्टेशन प्रबंधक रवि कुमार एवं जय सिंह मीणा ने तुरंत ही घटना की जानकारी आरपीएफ, जीआरपी, जन चिकित्सालय एवं डायल 108 को दी। 15 मिनिट पश्चात जब एंबुलेंस स्टेशन नहीं पहुंची। तो ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर द्वारा सिग्नल विभाग के कर्मियों को सूचना दी गई।

श्रमदान दल के सदस्य एवं सिग्नल विभाग में कार्यरत आकाश जैन को जैसे ही घटना की जानकारी मिली। तो उन्होंने माल गोदाम के पास खड़े निजी वाहन के मालिक नामदेव मराठा से घायल को अस्पताल भेजने का आग्रह किया। जिसके बाद मराठा ने घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। विडंबना यह है कि एक माह में यह तीसरा मामला है जब सूचना के बाद भी डायल 100 या 108 एम्बुलेंस समय पर स्टेशन नहीं पहुंची।

एक और जहां रेल विभाग के कर्मचारी घायलों और पीड़ितों की मदद करने के हर संभव प्रयास करते रहे हैं। कभी विभागीय वाहन से तो कभी निजी वाहन से पीड़ितों और घायलों को अस्पताल पहुंचा रहे तो दूसरी ओर एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था अपने कार्य के प्रति निरंतर गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाए हुए है। बार-बार एक ही






तरह की गलतियां दोहराई जा रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी घटनाओं पर मौन धारण किए हुए है। नतीजन सेवा प्रदाताओं के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। घायल को ट्रेन से उतरवाने से लेकर अस्पताल पहुंचाने में सिग्नल विभाग के जावेद खान, कमल कुशवाह, राहुल परोचे, आकाश जैन, आरपीएफ के दिगंबर सिंह, मोहम्मद वसीम, परिचालन विभाग के राजेंद्र अवस्थी, बहादुर सिंह, अरुण मराठा शामिल हैं। घायल व्यक्ति द्वारा आरपीएफ पुलिस को अपने बयान में बताया कि उसका नाम सुरेंद्र ठाकुर है और वह जैतपुर का निवासी है और वो अपने निजी कारणों से आत्महत्या करने रेलवे ट्रैक पर पहुंचा था। जहां ट्रेन की टक्कर से घायल हो गया।

## नगर में आज भी जीवित है ढाई सौ वर्ष पुरानी अनरय की परंपरा, पंचायत घर-घर जाकर मिटाती है अनरय


# इलाके में हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया गया होली और भाई दूज का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में रंगों का त्यौहार होली और भाई दूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। होली के अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर अपने पुराने गिले सिकवे भूलकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं भाई दूज के अवसर पर बहिनों ने अपने भाईयों को तिलक लगाकर लंबे उम्र की कामना की। नगर में प्रथम होलिका दहन शीतला माता मंदिर परिसर में रात 11 बजकर 55 पर हुआ इसके बाद नगर के अन्य वार्डों में होली दहन की शुरुआत हुई।

नगर में देर रात तक तक सभी जगह होली दहन हो चुका था। सोमवार सुबह के अवसर पर जमकर रंग गुलाल उड़ाते बच्चों में होली को लेकर ज्यादा उत्साह देखा गया। सुबह से ही बच्चे रंग गुलाल लेकर एक दूसरे को लगाते नजर आए। होली के अवसर पर देर रात तक रंग गुलाल उड़ता रहा। कई जगह लोगों ने गोटों का आयोजन भी किया। होली के त्यौहार के अवसर पर पुलिस प्रशासन भी







चौकस रहा लगातार शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की जांच होती रही। इसके अलावा गली मोहल्ले में और रंग मचाने वालों को भी लगातार समझाइश दी जाती रही, जिससे होली का त्यौहार शांतिपूर्ण माना। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के कारण पुलिस प्रशासन भी लगातार संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करता नजर आया। वहीं प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम पिथौली धाम बालाजी बांकागढ में रात्रि के समय नारियल होली दहन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामों से श्रद्धालुओं ने होलिका दहन में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। उधर सदर बाजार में ढाई सौ वर्ष पुरानी अनरय की पंचायत का आयोजन किया गया। बुजुर्गों ने ढाई सौ वर्ष पूर्व अनरय की पंचायत की परंपरा की शुरुआत की थी उसे आज नई पीढ़ी के युवा निभा रहे हैं। इस परंपरा का आयोजन हर वर्ष होली की धुलेंडी के अवसर पर किया जाता है। सांप्रदायिक सौहार्द की मिशाल के साथ इस इस पंचायत में मुस्लिम समाज के लोग भी शिरकत करते हैं। प्रतिवर्ष सदर बाजार स्थित स्व. गोपालजी धन्ना लाल के चबूतरे पर अनरय की पंचायत बैठती है। लेकिन इस बार सोमवार को सुंदर मंदिर के पास स्थित चबूतरे पर पचांयत बैठी।





पंचायत में सर्वसम्मति से एक बार फिर निर्दोष महाराज को सरपंच चुना गया। जिन परिवारों में गमी हुई थी उन्हें रंग लगाने का अधिकार दिया गया और यह टोली उन परिवारों के यहां रंग गुलाल लगाकर अनरय दूर करने के लिए निकली। घर घर पहुंच कर अनर दूर करने के पश्चात पंचायत का लेखा-जोखा बताने के बाद अगले वर्ष तक के लिए इसका समापन कर दिया गया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गोरक्षा प्रकोष्ठ के प्रमुख शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि इस प्राचीन पंचायत की परंपरा को सभी लोग मिलकर निभा रहे हैं। वहीं श्री महाराणा प्रताप राजपूत समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी राजपूत सरदारों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम पश्चात सभी समाज बन्धु अनरय वाले परिवारों में होली मनाने गये।

# वंदे भारत की चपेट में आए व्यक्ति को डॉयल 100 ने पहुंचाया अस्पताल, रेल कर्मियों की तत्परता से बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस बंद हो चुके समपार फाटक क्रमांक 289 के पास एक घायल व्यक्ति पड़ा होने की स्थानीय लोगों से रात्रि लगभग सवा नौ बजे आरपीएफ को सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर संज्ञान लेते हुए आरक्षक मोहम्मद वसीम मौके पर पहुंचे तो लोगों ने बताया कि घायल हुआ व्यक्ति तेज रफ़्तार से गुजरी ट्रेन से टकरा गया है। जब ट्रेन की पड़ताल की गई तो ज्ञात हुआ कि तेज रफ्तार से गुजरी ट्रेन 20172 नई दिल्ली रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस थी। आरक्षक वसीम द्वारा 108 एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होने पर तुरंत डायल 100 से संपर्क किया गया और स्थानीय लोगों एवं रेल कर्मियों के सहयोग से घायल व्यक्ति को डायल 100 में बैठाकर उपचार हेतु शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। ट्रेन की चपेट में आए व्यक्ति का नाम अमर सिंह रघुवंशी उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी गायत्री नगर वार्ड नंबर 6 है । ट्रेन की चपेट में आने से उनके दोनो पैर पंजे के ऊपर से कट कर अलग हो गए।



## भारतीय जनता पार्टी का होली मिलन समारोह आज

**गंजबासौदा।** भारतीय जनता पार्टी होली के रंग मामा के संग थीम को लेकर पूरी विधानसभा में होली मिलन समारोह भारतीय जनता युवा मोर्चा के माध्यम से आयोजित करने जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को नगर व ग्रामीण मंडल का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 29 मार्च को शाम 5 बजे त्योंदा मंडल द्वारा स्थानीय चित्रांश गार्डन में होली मिलन कार्यक्रम व इसी दिन शाम 5 बजे ग्यारसपुर में ग्यारसपुर मंडल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। युवा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक अधिकारी ने बताया की नगर मंडल व ग्रामीण मंडल का संयुक्त कार्यक्रम 28 मार्च को स्थानीय शहनाई गार्डन काला बाग में शाम 4 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हुजूर विधानसभा के विधायक भाजपा के वरिष्ट नेता रामेश्वर शर्मा, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, जनपद अध्यक्ष नीतू सिंह रघुवंशी सहित अनेक भाजपा नेताओं की उपस्थिति में रहेगी। युवा मोर्चा अध्यक्ष ने बताया की यह पूरा आयोजन होली के रंग मामा के संग थीम पर आधारित है। पूरे आयोजन के लिए मनोरंजन की दृष्टि से भजन मंडली व फाग गाने वाले कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मीडिया के माध्यम से समस्त भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं से व शहर के गणमान्य नागरिकों से होली मिलन समारोह के कार्यक्रम समलित होने की अपील की है। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा मीडिया प्रभारी अमित शुक्ला द्वारा विज्ञप्ति जारी कर दी गई।

## सेवा केन्द्र पर मनाई भाई दूज

# 'परमात्मा को भाई मानकर चलना ही सदा सुखी रहना है'




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंसापूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र द्वारा भाई दूज का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें रेखा दीदी ने भाई दूज का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि होली पर्व के बाद भाई दूज का पर्व मनाया जाता है जिसमें बहन भाई की लंबी उम्र के लिए भाई को तिलक लगाकर ईश्वर से प्रार्थना करती है। इस पर्व के संबंध में एक कथा प्रचलित है। यमुना और यम दोनों बहन भाई थे। यम को यमपुरी में आत्माओं के कर्मों के हिसाब किताब देखने और कर्म अनुसार फल देने की सेवा मिली यमुना अपने भाई यम को घर आने का निमंत्रण देती रहती थी। यमराज को रोज ही आत्माओं का लेखा-जोखा करना होता था। एक दिन भाई आने को वचनबद्ध हो गया। भाई को घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना ना रहा बड़े ही प्यार से शुद्धिपूर्वक उन्हें भोजन करवाया। बहन के निश्चल स्नेह से प्रसन्न होकर यमराज ने वर मांगने को कहा यमुना ने कहा मैं सब रीति से भरपूर हूं मुझे कोई कामना नहीं है। यम ने का बिना कुछ दिए में जाना नहीं चाहता। बहन ने कहा हर वर्ष इस दिन आप मेरे घर आकर भोजन करें मेरी तरह जो भी बहन अपने भाई को स्नेह से बुलाए स्नेह से सतकार करें उसे आप सजाओं से मुक्त करें।

यमराज ने तथास्तु कहा और यमुना को वस्त्र आभूषण देकर वापस लौट आए। हमने भक्ति मार्ग में भगवान को कहा त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धु च सखा त्वमेव, भावार्थ यह है कि भगवान को माता-पिता तो मना ही सखा और भाई भी माना। एक समय था जब हम आत्माएं और बंधु रूप परमात्मा इकट्ठे एक ही घर परमधाम में रहते थे। परमात्मा पिता का ही दूसरा नाम यमराज भी है यम का एक अर्थ यह भी है कि वह आत्माओं के कर्मों का हिसाब किताब करते हैं और दूसरा अर्थ नियम संयम का ज्ञान देते हैं दोनों ही कर्तव्य परमात्मा के हैं आधा कल्प के बाद द्वापर युग से हम आत्माएं अपने पिता परमात्मा को सभी रूपों में, भाई रूप में भी याद करती आई हैं और पृथ्वी लोक में आ पधारने का निमंत्रण देती आई है परंतु वह समय भक्ति काल का होता है परमात्मा पिता के धरती पर अवतरण का नहीं। कलयुग के अंत में जब पाप की अति हो जाती है तब वे साधारण मानवीय तन का आधार ले अवतरित हो जाते हैं। आधा कल्प की पुकार का फल परमात्म अवतरण के रूप में पाकर हम आत्मायें धन्य हो जाती हैं हम धरती पर अवतरित बंधु रूप परमात्मा को दिल में समाकर स्नेह से भोग लगाती है, भगवान हमारे इस स्नेह को देख वरदानों से भरपूर कर देते हैं। और कहते हैं जो आत्मायें धरती पर अवतरित मुझ परमात्मा को पहचान कर सत्कार पूर्व आतिथ्य करेंगी, मेरी श्रीमत पर चलेंगी, उन्हें में सजाओं से मुक्त कर दूंगा।

परमपिता परमात्मा को भाई मानकर चलना ही सदा सुखी रहना है कभी बहन को किसी प्रकार की परेशानी का सामने नहीं करना पड़ेगा।

### साहित्यकार संघ की गोष्ठी हुई



**गंजबासौदा।** बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी सृजनशील रचनाकार दो दशक तक लालबहादुर शास्त्री महाविद्यालय में हिन्दी साहित्य विभाग के प्राध्यापक रहे कंचन सिंह का स्वागत साहित्यकार संघ के महासचिव कमलेश सोनी के निवास पर किया गया। इस अवसर पर कंचन सिंह ने कहा यह नगर एवं नगरवासी मेरीआत्मा की गहराईयों रचे बसे हैं, मेरे रचना संसार में नगर की सामाजिक सरोकारों से जुड़े हर पहलू का बिम्व है। समसामयिक घटनाचक्र उनकी कविताओं की विषय वस्तु रही है। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. कंचन सिंह व्दारा की गई तथा संचालन चन्द्रकुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य व्दारा किया गया। इस अवसर पर अनिल जैन, शायर फहीम वासोदवी, राकेश जैन, रिषभ विश्वास, निहाल सिंह पन्थी, ओपी प्रजापति, कमलेश सोनी सहित साहित्यकार संघ के सदस्यगण, गीतकार अनेक कवियों ने गीत, ग़ज़ल, हास्य व्यंग से सराबोर काव्य सुधारस की वर्षा की।

# सिद्ध स्थानों पर दिया महायज्ञ का आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साकेतवासी जगन्नाथदास महाराज ने तुलसी विवाह के समय घी कम पड़ने पर जिस इमली घाट से पानी लेकर उस पानी से पूड़ियां तलवा दी थी। उस स्थान के सिद्ध बाबा को भी बुधवार को फाल्गुन की बड़ी दूज पर ध्वजा, नारियल भेंट करते हुए प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आमंत्रण सौंपा गया। वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर 10 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहे विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, संत सम्मेलन, राम कथा और रामलीला सहित अन्य आयोजन के निर्विघ्नता पूर्वक सफलता के लिए बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न सिद्ध स्थानों पर विशेष पूजन अर्चन के साथ स्थानीय देवताओं को आयोजन का निमंत्रण सौंपा गया। फाल्गुन मास की बड़ी दूज होने के कारण क्षेत्र में कई स्थानों पर विशेष पूजन अर्चन के साथ स्थानीय देवताओं को रंग गुलाल लगाया गया। वेत्रवती घाट के पास मौजूद दशक पुराने सिद्ध बाबा स्थान और रजोदा रोड़ स्थित नवीन न्यायालय के भांवर घाट पर मौजूद स्थान पर भी आश्रम के महंत राम मनोहरदास महाराज,पंडित केशव शास्त्री, संजय पाठक एवं अन्य ब्राह्मणों के द्वारा पूजन अर्चन की गई। नौलखी पर जब भी कोई धार्मिक आयोजन होता है। तब इन स्थानों पर आश्रम के



महंत स्वयं चलकर आमंत्रण देते हैं और आयोजन निर्विघ्नता पूर्वक संपन्नता के लिए विनय करते हैं।

आश्रम से 1 किलोमीटर दूर बर्रीघाट पुल के पहले वेत्रवती घाट पर ही इमली का बहुत बड़ा विशाल पेड़ साकेतवासी जगन्नाथ दास महाराज के समय से मौजूद है। पंडित केशव शास्त्री ने बताया कि साकेतवासी जगन्नाथदास महाराज इसी इमली के पेड़ के पास मौजूद सिद्धों के स्थान पर घनघोर तपस्या करते थे। तुलसी विवाह में घी कम पड़ने पर इसी घाट से पानी लेकर उन्होंने उसे घी में बदलकर उस पानी से पूड़ियाँ तलवा दीं थी, बाद में उतना ही घी नदी में वापस डाला, जितना पानी लिया गया था। उदयपुर के साहबा में सिद्धों की टोरिया सहित क्षेत्र के सभी सिद्ध स्थानों में आज बड़ी दोज पर ध्वजा,नारियल भेंट करते हुए आमंत्रण दिया गया है। नौलखी के महंत राम मनोहर दास महाराज ने बताया कि यह दोनों स्थान साकेतवासी जगन्नाथदास महाराज के तपस्वी स्थल रहे हैं। साथ ही क्षेत्र के जितने भी मठ मंदिर हैं उन स्थानों पर भी आश्रम की ओर से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आमंत्रण आज से भेजना प्रारंभ किया जा रहा है। नौलखी आश्रम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आमंत्रण काशी, चित्रकूट, अयोध्या, वृंदावन, प्रयागराज, बद्रीनाथ, हरिद्वार, उत्तरकाशी सहित विभिन्न तीर्थ क्षेत्र में संतों के लिए भेजा जा चुका है। इस आयोजन में तीर्थ क्षेत्र के सिद्ध तपस्वी संतों का आगमन होगा। इस मौके पर 33 कुंडीय सीताराम महायज्ञ के अलावा अयोध्या से पधार रहे कथा व्यास रत्नेश महाराज द्वारा संगीतमय राम कथा का वाचन किया जाएगा। अयोध्या की रामलीला का मंचन रात्रि में होगा।

**खबर संक्षेप**



## प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत एसडीएम हर्षल चौधरी की मेहनत रंग लाई

**सिरोंज।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में निवास कर रही सहरिया जनजाति के लोगों को योजना के माध्यम से लाभ दिया जा रहा है। एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि विकासखण्ड सिरोंज में प्रधानमंत्री जनमन योजनान्तर्गत 31 ग्राम पंचायत के 42 ग्रामो में सहरिया जनजाति निवास करती है। जिसमे कुल 1009 परिवार में 4362 जनसंख्या निवासरत है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत शासन की समस्त योजनाओं से लाभंबित करने के लिए डोर टू डोर सर्वे किया गया। इस योजना में विशेष रूप से एसडीएम हर्षल चौधरी ने विशेष दिलस्चपी दिखाई। इस कार्य को पूरा कराने के लिए उन्होने अपनी टीम को प्रतिदिन वीडियों कॉलिंग और नवाचार करते रहें। इसी कारण यह योजना का परिणाम बहुत अच्छे ढंग से हितग्राहियो को लाभांवित हुआ। जिसमें सहरिया हितग्राहियों के आधार कार्ड, समग्र आईडी, जाति प्रमाण पत्र, बीपीएल कार्ड, खाद्यान पर्ची, उज्जवला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत कार्ड, जनधन खाता, संबल कार्ड एवं प्रधान मंत्री आवास योजना में सभी पात्र परिवारों का सर्वे एवं आवास पोर्टल पर पंजीयन कार्य बृहद स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहें है। जनपद पंचायत के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में 664 परिवारों का सर्वे किया गया है। जिसमें विदिशा जिले का प्रथम पूर्ण आवास ग्राम पंचायत बड़ोदाताल के ग्राम नरखेडाताल के हितग्राही सटरू द्वारा पूर्ण किया गया है।

### सिरोंज के इतिहास में उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाता था कार्यक्रम

# साल दर साल कलगी-तुर्रा कार्यक्रम की कम होती जा रही है लोकप्रियता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर में कलगी-तुर्रा का कार्यक्रम होली के दूसरे दिन दूज पर्व पर वर्षो से आयोजित किया जा रहा है। पूर्व में इस कार्यक्रम को देखने के लिए देश के कूने-कूने लोग आते थे। क्योकि यह कार्यक्रम पूरे देश में एक मात्र जगह सिरोंज में ही सम्पन्न होते है। लेकिन इस कार्यक्रम को देखने में अब नागरिकों में उत्साह कम होता जा रहा है। साथ ही भव्यता भी कम होती जा रही है। पूर्व में यह कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए प्रशासन एंव नागरिक महिनों पहले से इस कार्यक्रम की तैयारी करते थें। पूर्व के बुजुर्ग लोग बताते है कि कार्यक्रम स्थल पर प्रशासन द्वारा पुलिस की छावनी बना दी जाती थी। एक तरफ कलगी रहती थी तो एक तरफ तुर्रा रहता था। वही यह कार्यक्रम रात्रि 10 बजें से प्रांरभ होता था इसमें दोनो पक्ष पूरी रात शास्त्रार्थ बहस करते थे। और यह बहस सुबह 5 बजे तक चलती थी। बीच बीच के कई विवाद भी होते थें और पुलिस बीच में आकर विवादों को रूकती थी। पहले के समय में कार्यक्रम को संपन्न होने में पूरी रात गुजर जाती थी। लेकिन अब यह कार्यक्रम बस कुछ ही घण्टों में समाप्त हो जाता है और रात्रि 12 बजतें ही कार्यक्रम स्थल पर सन्नाटा खिच जाता है।

**सामाजिक संगठनों के उत्साह की कमी के चलते कार्यक्रम की भव्यता होती जा रही कम**

### सिरोंज की पहचान थी कलगी-तुर्रा, अब उत्साह कम क्यों

सिरोंज में कलगी-तुर्रा का ऐसा कार्यक्रम होता था जिसे भारत के पटल पर देखा जाता था। लेकिन धीरे-धीरे सामाजिक सगठनों और नागरिकों में उत्साह कम होने के कारण यह कार्यक्रम सिमटा जा रहा है। वही पूरी रात चलने वाला यह कार्यक्रम अब मात्र एक दो घण्डों में ही समाप्त हो जाता है। शहर के सामाजिक सगठन और नागरिकों की बडी मंशा है कि पुनः इस कार्यक्रम को भव्यता दी जाए और कार्यक्रम पूरे उत्साह से मनाया जाए। इस बार कार्यक्रम आयोजित किया गया और प्रशासन ने तैयारिया भी की। दोनो पक्ष अलग-अलग आए और यह कार्यक्रम मात्र एक घण्टें में ही समाप्त हो गया।



**पूर्व में इस भव्यता से होता था कार्यक्रम संपन्न**



विजयी निशान के इस पर्व पर निकलने वाले कलर्गी-तुर्रा पर्व को और अधिक खास बनाते थे। सिर पर आकर्षक साफा बांधे कलगी एवं तुर्रा पक्ष के लोग झांझर तथा ढपली बजाते हुए स्वांग गायन करते हुए चल रहे थे। कलगी पक्ष की टीम गणेश की अथाई तथा रावजी पथ से तथा तुर्रा पक्ष की टीम हाजीपुर तथा कस्टम पथ की ओर से मुख्य बाजार पहुंचे थे। बड़ी संख्या में लोग नगाड़े बजा कर आयोजन में सहभागिता करते थे।

### काशी के विद्वानों से जीते थे सिरोंज के विद्वान

मध्यकाल में देशभर में शास्त्रार्थ करते हुए काशी के विद्वान सिरोंज भी आए थे। यहां पर उन्होंने सिरोंज के विद्वानों से भी शास्त्रार्थ किया था। देश भर में जीतने वाले काशी के विद्वान सिरोंज के विद्वानों से पराजित हो गए। जिसके फलस्वरूप काशी के विद्वान अपने साथ लेकर आए निशान और शास्त्र सिरोंज में ही छोड़ गए थे। कलगी-तुर्रा पर्व सिरोंज के विद्वानों की इसी जीत का स्मरण है। इसमें कलगी पक्ष शक्ति का तथा तुर्रा पक्ष शिव का प्रतीक माना जाता है। कलगी-तुर्रा स्वांग एवं फड़ गायन की कला है। जिसमें कलगी और तुर्रा दो पक्ष होते हैं। कलगी पक्ष शक्ति एवं तुर्रा पक्ष ब्रह्मा का प्रतीक होता है। दोनों ही पक्षों द्वारा व्यंगात्मक लहजे में तरह-तरह के स्वांग गाए जाते हैं। पहले होली की दूज, रंगपंचमी तथा गणगौर पर्व पर स्वांग गायन होता था लेकिन अब सिर्फ होली के दूज पर ही सिरोंज में यह आयोजन होता है।

**सोमवार को होली खेलने के लिए घर से निकला था नरेन्द्र**

## 2 दिन से लापता बच्चे का कैथन डेम में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नगर के पालीवाल कॉलोनी में रहने वाला लगभग 17 वर्षीय बालक नरेन्द्र अहिरवार होली के दिन होली खेलने के लिए सुबह अपने घर से निकला था। लेकिन देर शाम तक वह जब घर नही पहुचा तो परिजनों ने उसे ढूंढना चालू किया। जब नरेन्द्र अगले दिन परिजनों को नही मिला तो परिजनों ने नरेन्द्र के गुम होने की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने बच्चे के गुमशुदगी दर्ज कर कार्यवाही करते हुए बच्चे को अनेको स्थानों पर ढूंढा गया। लेकिन दो दिन बीत जाने के बात भी बच्चे को कोई पता नही चल पाया। वही बुधवार को पुलिस को सूचना मिली नगर के मरही माता मंदिर के समीप केथन डेम में किसी की लाश देखी गई है। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुचकर नाव व गौताखोरो की मदद से डेम में मिली सूचना के आधार पर जांच पडताल की। वही गोताखोर द्वारा बताई गई जगह पर तलाश के दौरान पुलिस को एक बच्चे की लाश मिली। जिसकी पहचान पालीवाल निवासी नरेन्द्र अहिरवार की रूप में हुई। वही पुलिस ने शव को पीएम के लिए शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय भेजा और पुलिस मामले की जांच में जुटी।

## बहन ने भाई को तिलक लगाकर लम्बी उम्र की कामना की

**सिरोंज।** भाई-बहन के स्नेह का त्योहार भाई दूज बुधवार को नगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। होली के एक दिन बार मनाए जाने वाले भैया-दूज हिन्दू धर्म में भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक माना जाता है। इसलिए बहनें इस दिन अपने भाई को तिलक करके उसकी लम्बी उम्र की कामना करती हैं। वही भैया-दूज पर बसों में काफी भारी भीड़ देखी गई। जिन बहनों के भाई किसी कारणवश उनके पास नही पहंच सके,उनकी बहन अपने भाईयों के पास तिलक करने के लिए पहुंची। महिलाओं ने सुबह भैया-दूज की कथा सुनकर व्रत रख कर जब तक अपने भाई को तिलक नही लगाया, तब तक उपवास रखा। बहनों ने जहां व्रत रखकर अपने भाईयों की लंबी उम्र की कामना की,वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को भेंट स्वरूप



उपहार दिए। भैया-दूज को भ्रातृ द्वितीया भी कहते है। यह पर्व भाई-बहन के पावन संबंध व प्रेम को प्रकट करता है। इस पर्व को लेकर यह माना जाता है कि इस दिन यदि भाई बहन के घर जाकर तिलक लगवाता और वहीं भोजन करता है तो उसकी उम्र बढ़ती है और जीवन में आने वाले सभी कष्टों का निवारण होता है। इसी कारण बुधवार को ज्यादातर भाई ही अपनी बहनों के यहां जाते दिखाई दिए।

**अष्टान्हिका महापर्व पर आयोजित, पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष द्वारा किया गया सम्मान**

## श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान के समापन पर विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन

**सिरोंज।** नगर के कठाली बाजार स्थित श्री दिगम्बर जैन चन्द्रप्रभु जिनालय में अष्टान्हिका महापर्व में आयोजित श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का समापन विश्व शांति महायज्ञ के साथ किया गया। नव दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिवस ब्रह्मचारी भैया जीतू ने सिद्ध चक्र महामंडल विधान के संबंध में बताया कि प्रतिदिन आठ अर्घ्य से प्रारंभ कर दुगुने दुगुने करते हुए सहस्र अर्घ्य तक समर्पित किए गए हैं। जब नगर के लोग एवं संबंधी भी किनारा कर लें तब भी प्रभु भक्ति ही संबल का काम करती है। मैना सुंदरी ने सर्वप्रथम यह



विधान किया था तब सात सौ कुष्ठ रोगियों का रोग दूर हो गया था। यज्ञ का फल बताते हुए पं बागमल जैन ने संबोधन में कहा कि अष्टान्हिका महापर्व में देवता नंदीश्वर दीप पहुंच कर अकृत्रिम जिनालयों में दिन-रात पूजन करते हैं।श्री सुभाषचन्द्र संदीप विजयराज परिवार का बहुत बड़ा सौभाग्य था जिन्होंने पुण्य से प्राप्त इस चंचला लक्ष्मी का उपयोग विधान में द्रव्य देकर किया। महापात्र बनने का सौभाग्य विजयराज परिवार के साथ जैन समाज के कोषाध्यक्ष विजय भौंरिया,जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी, सुमित चमपतिया को मिला। इस अवसर पर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ रावीज जैन ने पंडित बागमल जैन एंव विजयराज परिवार का सम्मान किया।

**एसडीएम बोले- सभी मतदाता मतदान जरूर करें और सिरोंज तहसील को सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले शहर में अग्रणी बनाए**

## 1 अप्रैल से प्रांरभ होगा मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण

सिरोंज। एसडीएम हर्षल चौधरी ने लोकसभा चुनाव 2024 में सर्वाधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं से अपील करते हुए उन्होने कहा कि हर मतदाता का मतदान मौलिक अधिकार है और इस अधिकार से कोई वंचित ना रहें। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक



करने के लिए स्वीप गतिविधियों अंतर्गत शहरी वे ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर संदेशो का सम्प्रेषण किया जा रहा हैं एसडीएम श्री चौधरी ने सभी मतदाताओं से पुनः आव्हान किया है कि मतदान जरूर करें और सिरोंज तहसील को सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले शहर में अग्रणी बनाएं। वही उन्होने मतदाता कर्मियों के प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल से नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में मतदान कार्मियो का निर्वाचन प्रशिक्षण प्रांरभ होगा। जिसमें प्रतिदिन 6 कक्षों में 40 कार्मिको का प्रति कक्ष अनुसार 480 कार्मिकों का प्रशिक्षण 4 दिनों तक चलेगा। जिससे लिए 20 मास्टर ट्रेनर एंव प्रशिक्षण प्रभारी नियुक्त किए गए है।

## गरीबों का गेहूं, शक्कर, चावल डकारा, नमक तक नहीं छोड़ा

**राशन घोटाला: बार- बार अनियमित्ताओं के बाद भी मामला रफादफा कर रहे खाद्य विभाग के अधिकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कुरवाई तहसील की करैया पंचायत की शासकीय उचित मूल्य की दुकान से दुकान संचालक ने 100 क्विंटल से अधिक राशन गायब कर दिया। 3 गांव की इस राशन दुकान से करीब 500 से ज्यादा उपभोक्ता जुड़े हैं। जिन्हे महीनों से राशन नहीं दिया गया। गरीबों को मुफ्त राशन देने की शासन की योजना का गेहूं, शक्कर, चावल राशन दुकान संचालक ने गायब कर दिया।

कुरवाई की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी वैशाली दांगी ने 12 मार्च को करैया गांव की राशन दुकान का निरीक्षण किया। जिसमें स्टाक भाव सूची, सतर्कता समिति प्रदर्शित नहीं पाई गई। वहीं स्टाक पंजी, वितरण पंजी भी सहायक विक्रेता द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई। स्टाक के मिलान में 42 क्विंटल गेहूं, 80 क्विंटल चावल और 32 क्विंटल शक्कर कम पाई गई। यहां तक की नमक तक नहीं छोड़ा। निरीक्षण में 92 किलो नमक तक कम मिला है। कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी ने दुकान संचालक को 21 मार्च तक उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए थे। करैया गांव के मां अंबे स्वसहायता समूह की अध्यक्ष फूलाबाई आदिवासी हैं। सहायक विक्रेता भूपेंद्र दांगी हैं। अधिकारी जांच कर पंचनामा बनाते हैं, जवाब भी मांगते हैं और जवाब से संतुष्ट भी हो जाते हैं।

### उचित मूल्य दुकान में शटर ही नहीं है

इससे पहले भी करैया गांव की इस राशन दुकान की जांच में गड़बड़ियां पाई गईं थी, लेकिन राशन दुकान संचालक पर कार्रवाई नहीं की गई। खाद्य विभाग के अधिकारी ले देकर मामला रफा दफा कर देते हैं। जांच में सामने आया की दुकान में शटर नहीं है। राशन को सीधा ठिकाने लगा दिया जाता है।

### कार्रवाई होगी



गरीबों के राशन की कालाबाजारी करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। कार्रवाई के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए जाएंगे। गरीबों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। मैं पूरी जानकारी लेता हूं।

**-बुद्धेश कुमार वैद्य,** कलेक्टर विदिशा

## लोकसभा प्रत्याशी पहुंचे बापौली धाम



**बरेली।** संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में प्रसिद्ध सिद्ध शिव स्थान बापौली धाम पहुंचकर भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार दर्शन सिंह चौधरी द्वारा भोलेनाथ के दर्शन, विशेष पूजन और तपस्यालीन संत जम्मू वाले लाल बाबा जी से विजय का आशीर्वाद लिया गया। संत लाल बाबा से प्रत्याशी चौधरी द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी की गई। बापौली शिवधाम की संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में भारी ख्याति बनी हुई है। यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है। होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के साथ भाजपा के जिला महामंत्री नेपाल सिंह राजपूत, किसान मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष हेमंत पटेल, देवेन्द्र पटेल कोटपार नीतिराज पटेल, रोहित चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, अभिषेक रघुवंशी, हेमंत बड़कुर सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता भी साथ रहे।

## संयुक्त भवन में बाधा बन रहे सरकारी आवासों को खाली करने थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

कभी विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यालय स्कूल इत्यादि पुरानी बस्ती में हुआ करते थे। समय के साथ पुलिस आबकारी शिक्षा विभाग अदालत पीडब्ल्यूडी के नये भवन बने और पुराने भवनों भूमियों को छोड दिया गया। बडा बाजार सब्जी मण्डी के आसपास की सरकारी भूमियां और भवनों पर अवैध कब्जा निजी लाभ के लिए मनमाना उपयोग दुकाने लगा बना कर कमाई का जरिया बनी हुई है। पिछले दिनों तहसील और अनुविभागीय राजस्व से पुराने कार्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। नये भवन निर्माण में बाधा बन रहे सरकारी आवासों को खाली करने एसडीएम द्वारा नोटिस देकर 7 दिवस में खाली करने आदेश दिया है।

वर्तमान तहसील एसडीएम आफिस के आसपास भारी संख्या में सरकारी आवास बने हुए है। इन आवासों में सरकारी अधिकारी कर्मचारी निवास करते है। समीप ही पुरानी अदालत का क्षतिग्रस्त भवन मुख्य सडक की दूसरी ओर भी अधिकारियों बारना कॉलोनी के दशकों पुराने आवास बने हुए है। इन पुराने आवास ग्रहों का हालत ठीक न होने के बाद भी मनमाने ढग से उपयोग किया जा रहा है। आवासों के सामने खाली पडी भूमियों पर भारी अतिक्रमण दुकाने ही दुकाने सुरक्षित यातायात में हमेशा बाधा और जाम लगाने का कारण बनती रहती है।

बड़ा बाजार में नजूल की सरकारी भूमियों पर बिना लीज भारी अतिक्रमण दुकाने बना कर निजी लाभ उपयोग और अतिक्रमण वालों द्वारा किराये पर देकर प्रतिमाह मोटी कमाई की जा रही है। सब्जी मण्डी के आसपास तो अतिक्रमण की अधिकता से विवाद की स्थिति भी बनती रहती है। सब्जी मण्डी के पास पुरानी कन्या शाला का भवन



वेशकीमती भूमि टाकीज वालो कुआं तक है। मण्डी के पास ही पुराने थाने कोर्ट निवास एडीआई आफिस पीडब्ल्यूडी आफिस की भूमि भवन हुआ करते थे। जैन मंदिर रोड मण्डी मस्जिद के पीछे आबकारी विभाग हुआ करते थे। जैन मंदिर रोड मण्डी मस्जिद के पीछे आबकारी विभाग की बेशकीमती भूमि पर अवैध कब्जा और दुकानों की भरमार बनी हुई है। सरकारी भूमियों भवनों पर क'चा पक्का अतिक्रमण यदि हट जाए और पार्किंग स्थल या नप द्वारा व्यवस्थित ढग से दुकानों का निर्माण कर दिया जाए तो नगर की सुन्दरता बढने के साथ नप की आय में काफी बढोत्री हो सकती है।

## डॉ अनिल तिवारी ने पुष्पमाला के साथ मुख्य मंत्री डा मोहन यादव का स्वागत किया



**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गत दिवस सागर लोकसभा की सुरखी विधानसभा के ग्राम बिलहरा में हेलीपेड पर पहुचकर मुख्यमंत्री का डॉ अनिल तिवारी ने पुष्प माला के साथ स्वागत किया। स्वागत में मंत्री गोविन्द्र सिंह राजपुत, भूपेन्द्र सिंह ठाकुर नगर विद्यायक शैलेन्द्र जैन, नरयावली विद्यायक प्रदीप लारिया, बंडा विद्यायक वीरेन्द्र सिंह लोधी, लोकसभा प्रत्याशी लता वानखेडे एवं सागर जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया एवं भाजपा के सभी कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

## गोविंद देवलिया हुए पुरस्कृत इतिहास लेखन बना आधार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मातृभूमि युवा परिषद के तत्वावधान में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें देश के महान क्रांतिकारियों शहीद भगतसिंह, अशफाकउल्ला और सुखदेव को श्रद्धांजलि देते हुए कविताओं का पाठ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र लोधी रहे। विशिष्ट अतिथि विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत में सांसद प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी, नगरपालिका में सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा, संदीप डोंगर सिंह, मनोज कटारे, छत्रपाल शर्मा एवं युवा नेता नागेंद सिंह मौजूद रहे। कविसम्मेलन में शहीदों को स्मरण करने के साथ ही विदिशा के शहीद चंद्रकांत जी तारे के कृतत्व और व्यक्तित्व पर अतिथियों ने प्रकाश डाला एवं शहीद तारे जी के छोटे भाई नितिन तारे को सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर इतिहास कार गोविंद देवलिया को उनके लेखन के कारण पुरस्कृत किया गया। ज्ञातव्य हैं कि गोविंद देवलिया ने अपने फेसबुक पर शहीद तारे जी की जीवनी लिखी थी। जिसे मातृभूमि युवा परिषद के नागेंद सिंह ने पढ़ा और तारे जी को सम्मानित करने का निश्चय किया। इस दौरान विदिशा के इतिहास से और अन्य गतिविधियों से इतिहास पुरुषों से जनमानस को परिचित कराने वाले गोविन्द देवलिया को भी पुरस्कृत किया गया।

## मंत्री पटेल के निवास पर हुआ होली मिलन समारोह

**मंत्री पटेल ने राधा-कृष्ण के साथ खेली फूलों की होली, मंत्री पटेल को पार्टी कार्यकर्ताओं को रंग लगाकर दी बधाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



होली पर नगर के 25 से अधिक स्थानों पर विधि विधान पूजन के साथ होलिका दहन हुआ। दूसरे दिन सोमवार को नगर के विभिन्न हिस्सों में मस्ती के साथ खूब रंग-गुलाल खेला गया। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के नाहर कालोनी स्थित निवास पर आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में सैंकड़ों भाजपा के कार्यकर्ताओं, नेता एवं नागरिकों द्वारा मंत्री पटेल के साथ रंग-गुलाल खेलते हुए एक-दूसरे को होली की बधाई शुभकामनाएं दी जाती रहीं। नगर के विभिन्न हिस्सों में जिन परिवारों में पिछले महिनों में गमी हुई थी वहां भारी संख्या में लोगों का टीका लगाने, शोक संवेदना व्यक्त करने जाना-आना रहा। रायमंत्री पटेल ने होली मिलन कार्यक्रम में राधा-कृष्ण के साथ फूलों की होली खेलते हुए नृत्य भी किया।

### खरगोन में जमकर खेला रंग-गुलाल

नगर एवं संपूर्ण क्षेत्र में होली का रंगों भरा पर्व मनाने युवाओं की टोलियां वस्ती के विभिन्न हिस्सों में रंग खेलने सक्रिय बनी रहीं। तहसील के सबसे बड़े ग्राम खरगोन में भी ग्रामवासियों ने जमकर रंग खेला गया। एक-दूसरे के चेहरों पर रंग लगाने, टीका लगाने के साथ होली की शुभकामनाएं देने मुख्य सड़क, मुख्य बाजार के साथ सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ का नजारा बना रहा। प्रदेश सरकार में मंत्री बनने के बाद नरेन्द्र शिवाजी पटेल के द्वारा अपने निवास पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा के कार्यकर्ताओं, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं आमजन के बीच होली खेली गई। टीका लगाकर सभी ने होली की बधाई दी, कार्यक्रम में शिवाजी पटेल, जोधाराम ठारकुर, स्वरूप सिंह ठाकुर, नप. अयश्क्ष हेमंत चौधरी, विक्की राजपूत, नप के पार्षद के साथ भारी संख्या में नगर एवं क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति रही। नप. अध्यक्ष हेमंत चौधरी ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के अनरय वाले परिवारों में पहुंचकर, टीका लगाकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई।

## देव स्थानों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**हैदरगढ़।** होली त्योहार के बाद मनाई जाने वाले भाई दूज का पर्व श्रद्धा और प्रेमभाव के साथ मनाया गया। इस दिन बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और भाई की लम्बी उम्र की कामना की। इस दौरान भाईयों ने भी अपनी बहनों को उपहार दिए। इसके अलावा दूज पर दुकानों की भी पूजा अर्चना की गई। इसके चिकली में भी शाम 4 से ग्रामीणों के ने मंदिरों पर पहुंचकर होली की धूल रंगुलाल मंदिरों पर चढ़ाई गई। इसके बाद फाग लेकर पुरानी परंपराओं में घर घर जाकर फागें गाई ओर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गुड बांटकर गले मिले। वाहन बही खाते मशीनरी आदि की भी पूजन की गई। उल्लेखनीय है कि दीपावली के बाद होली के त्योहार पर पड़ने वाली दूज बड़ी दूज के नाम से जानी जाती है। इसलिए इस दिन श्रद्धालुओं द्वारा अपने अपने कुल देवताओं की पूजा अर्चना की जाती है।



## रायसेन सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में दहशत का माहौल, वन विभाग भी परेशान

# पेंनगवा पहाड़ी पर फिर दिखा बाघ सर्चिंग में लगी वन विभाग टीम



◆ कैमरों से कर रहा वन विभाग निगरानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला मुख्यालय रायसेन के आसपास पिछले कई माह से जंगली बाघों ने डेरा जमा रखा है किला पहाड़ी तो कभी सीता तलाई, कभी जाखापुल के पास तो कभी पेंनगवा, परसौरा सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में इन जंगली बाघों का घूमना फिरना लगातार जरी है। रायसेन शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बाघों का इतना डर है कि लोग शाम होने के बाद अपने घरों से बाहर नहीं निकल पाते हैं। जंगली बाघों के कारण जहां वन विभाग का हमला हैरान है वहीं दूसरी ओर आम जन भी बाघों के मूवमेंट से परेशान है।

जानकारी के अनुसार अभी तक है जंगली बाघ कई जानवरों को अपना शिकार बन चुके हैं, परंतु जानवरों के साथ अब लोगों को जान का खतरा बढ़ रहा है। रात के समय कई ग्रामीण अपने खेतों पर नहीं जा पा रहे हैं, उनके खेतों की रखवाली भी भगवान भरोसे ही चल रही है। इसकी मुख वजह यही देखने में आ रही है कि में जंगली बाघों को जंगल में शिकार नहीं मिल रहा तो वह मैदानी क्षेत्रों की ओर मूवमेंट कर रहे हैं।

दूसरा कारण यह है कि इस समय जंगली क्षेत्र में पानी नहीं है इस कारण जंगली बाघ पानी की तलाश में जंगल छोडकर मैदानी क्षेत्रों में आ जाते है। वन विभाग के आला अधिकारी से लेकर मैदानी वन अमला भी पूरी कोशिश कर रहा है परंतु अभी तक जंगली बाग पकड़ में नहीं आपा रहे हैं यह लोगों के लिए बड़ी चिंता का विषय बनता जा रहा है।

बुधवार को सामान वन मंडल पूर्वी क्षेत्र चिकलोद रोड स्थित पेंनगवा के पास जंगली बाघ घूमता दिखाई दे रहा है पेनगवा के लोगों ने इसका दूर से वीडियो बनाकर शेयर किया है, इतना ही नहीं गांव के लोग जोर-जोर से चिल्ला कर बाघ को भगाने की कोशिश की तब जाकर वह मुश्किल जंगल की ओर भागा। इस संबंध में जानकारी लेने पर ग्राम पेंगामा निवासी दीपक रावत, बबलू रावत, सोनू रावत, रुक्खम लाल, नंदलाल आदि ने बताया कि बुधवार को सुबह 9 के लगभग बाघ दिखाई दिया।

इस समय गांव के बच्चों ने बाघ को पहले देखा फिर गांव के लोगों ने दूर से ही चिल्लाकर आवाज लगाई तो वह जंगल की ओर भाग खड़ा हुआ। जिला मुख्यालय के आसपास जंगली बाघों का घूमना फिरना लगातार जारी है, जिसके कारण लोगों के बीच भय व्याप्त है और लोग सतर्कता बरतते हुए आना जाना कर पा रहे हैं।

## भोपाल-विदिशा स्थित सलामतपुर रेलवे फाटक पर बनाया है ओवरब्रिज

# धंसक रहा है 6 करोड़ का सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज, दोनों तरफ की रेलिंग हुई आड़ी

◆ *एक किमी लंबे ब्रिज से रोज निकलते हैं 10 हजार से अधिक वाहन, दुर्घटना का अंदेशा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 स्तिथ सलामतपुर रेलवे फाटक पर बनाया गया रेलवे ओवरब्रिज 11 साल में ही धसक गया है। पुल के दोनों और कि रैलिंग आड़ी हो गई है। वहीं फूटपाथ भी कई जगह से टूट गया है। वहीं ब्रिज के दोनों तरफ लगभग 6 सौ मीटर एरिया के बीच में आठ से दस इंच गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिसमें दो पहिया वाहनों के साथ साथ चार पहिया वाहनों के टायर फंस जाते हैं। जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है। बीते सात वर्षो में एक दर्जन से अधिक लोग ब्रिज पर दुर्घटना के कारण काल के गाल में समां चुके हैं।

ब्रिज के पिलर भी धीरे धीरे धसक रहे हैं। जिससे ब्रिज में दरार बढ़ती जा रही हैं। इस ब्रिज का निर्माण वर्ष 2011 में मध्य प्रदेश ब्रिज कारपोरेशन द्वारा 6 करोड़ की लागत से कराया गया था। यह ब्रिज 2013 में बन कर तैयार हुआ था। अपने बनने के साथ ही यह विवादों में आ गया था। ब्रिज कारपोरेशन के तत्कालीन एसडीओ जो अब सेवानिवृत हो चुके हैं को आपत्ति थी की जिस एरिया में ब्रिज बनाया जा रहा है। वह क्षेत्र ब्लैक कॉटन स्वाइल क्षेत्र है।

ब्रिज के पिलर की गहराई कम रखी गयी है। पुल धीरे धीरे धसक जाएगा। लेकिन ब्रिज बना रहे ठेकेदार जो तत्कालीन केन्दीय मंत्री के खासम खास थे के ऊँचे रसूख के चलते तत्कालीन एसडीओ की नही सुनी गई तो उन्होंने दुखी होकर अपना स्थानांतरण करा लिया था।

पिछले 11 सालों में एमपीआरडीसी कई बार रेलवे ओवरब्रिज की मरम्मत करा चुकी है। लेकिन अब फिर ब्रिज में गहरे गड्ढे होने के साथ ही दोनों और कि रैलिंग भी टेढ़ी होकर धसक रही है। आलम यह है की ब्रिज पर इतनी दुर्घटना होने लगी हैं कि कई झोलाछाप डॉक्टरों व अस्पतालों ने तो ब्रिज पर लिखवा दिया है की दुर्घटना होने पर संपर्क करें।





### इस ब्रिज से रोज ही कोई न कोई वीआईपी गुजरता है

*सप्ताह में एक बार पूर्व मुख्यमंत्री व विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह भी इसी रेलवे ओवरब्रिज से निकलते हुए विदिशा जाते हैं। वहीं प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा यहीं से आना जाना करते रहते हैं। और प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी के विधानसभा क्षेत्र में आता है यह रेलवे ओवरब्रिज। उसके बाद भी अधिकारियों द्वारा इस और कोई भी ध्यान नही दिया जा रहा है।*

### कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

*यह ब्रिज दिल्ली मुम्बई मेन रेलवे ट्रैक के उपर बना हुआ है। जिस पर से हर चार मिनिट में ट्रेन निकलती हैं। किसी दिन कोई वाहन दुर्घटना ग्रस्त होकर नीचे से निकल रही ट्रेन पर गिर सकता है। जिससे बड़ी दुर्घटना होने से इंकार नही किया जा सकता। अब तो खतरा और बढ़ गया है क्योंकि ब्रिज की रेलिंग ही धसक कर आड़ी हो गई है। इतना सब होने के बाद भी एमपीआरडीसी विभाग के अधिकारी गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाए हुए हैं।*

### ओवरब्रिज में बड़ रहा है गेप

*खोहा के सरपंच कालूराम मीणा ने बताया की रेलवे ओवरब्रिज की सड़क के बीच में बड़े बड़े गड्ढे फिर से हो गए हैं। पुल धीरे धीरे धसक रहा है और गड्डों में वाहन का टायर फंस जाता है। यात्रियों की बाइक भी कई बार गड्डों में फंस चुकी है। ग्राम गाडरखेड़ी के यशवंत राजपूत, सलामतपुर के कैलाश गोस्वामी, अशोक त्रिपाठी, मयंक साहू, दीपक अहिरवार, हसन मंसूरी, अमित विश्वकर्मा आदि का कहना है कि पुल के निर्माण में लापरवाही बरती गई है। समय रहते ध्यान नही दिया गया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।*

### इनका कहना है

*» रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य घटिया स्तर का कि९या गया था। जिसकी वजह से कुछ साल में ही रेलवे ओवर ब्रिज में जगह जगह गड्ढे हो गए हैं और रेलिंग भी धसक कर आड़ी हो गई है। इसी कारण ब्रिज पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।*

– **रघुवीर सिंह मीणा**, सरपंच ग्रापं. रातातलाई।

*» सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण 2013 में हुआ था। लेकिन ब्रिज बनने के कुछ समय बाद ही ब्रिज में दरारें आ गईं थी। यह ब्रिज भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर बना है। इस मार्ग पर यातायात का बहुत अधिक दवाब रहता है। ब्रिज के दोनों और की रैलिंग पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गई है। वहीं गड्डों में बाइक का टायर घुस जाता है। जिसकी वजह से चालक गिर कर घायल हो रहे हैं।*

– **हमजा जाफरी**, पूर्व उपसरपंच सलामतपुर।

*» मैं प्रतिदिन सलामतपुर से भोपाल बाइक से अपडाउन करता हूं। इसी रेलवे ओवरब्रिज से निकलता हूं।ब्रिज पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के साथ ही साइडों से ब्रिज टूट गया है। और रेलिंग भी झुक गई है। यहां से निकलने में जान का खतरा लगता है कि कहीं ये ब्रिज गिर ना जाए।*

– **साजिद खान**, स्थानीय निवासी सलामतपुर।

# जिले में पेयजल उपलब्धता व वितरण की कलेक्टर ने की समीक्षा

## *नागरिकों को गर्मी के मौसम में पेयजल के लिए परेशानी ना हो: कलेक्टर*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा जिले में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था के संबंध में ई पीएचई सहित अन्य अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से सभी एसडीएम, जनपद सीईओ तथा सीएमओ से उनके क्षेत्र में पेयजल स्त्रोतों तथा वर्तमान में पेयजल वितरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि नागरिकों को पेयजल के लिए परेशानी ना हो, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रीष्म ऋतु में किन-किन ग्रामों और नगरीय क्षेत्र के किन-किन वार्डों में पेयजल संकट होने की संभावना है, ऐसे स्थानों को चिह्नित किया जाए। वहां की पेयजल समस्या के निराकरण के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करें और अभी से तैयारी शुरू करें। कलेक्टर श्री दुबे ने ई पीएचई से क्षेत्रवार हेण्डपम्पों तथा अन्य पेयजल स्त्रोतों की संख्या, खराब हैण्डपम्प आदि की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि हैण्डपम्प, ट्यूबबेल के खराब होने की सूचना प्राप्त होते ही 24 घण्टे के भीतर उन्हें ठीक कराना सुनिश्चित करें। जहां आवश्यक हो वहां पाईप संख्या बढ़ाई जाए और ट्यूबवेल में सिंगल फेस की मोटर डाली जाए। उन्होंने विकासखण्ड स्तर पर हैण्डपम्प मैकेनिकों की संख्या, गठित किए गए दलों की भी जानकारी ली।

कलेक्टर श्री दुबे ने वीसी के माध्यम से सांची, सिलवानी, गैरतगंज, बेगमगंज, बाड़ी, बरेली, औबेदुल्लागंज, सुल्तानपुर, मण्डीदीप आदि क्षेत्रों में पेयजल संबंधी पृथक-पृथक जानकारी लेते हुए एसडीएम को प्रति सप्ताह पेयजल संबंधी बैठक आयोजित कर समीक्षा करने के निर्देश दिए।




### कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश

*कलेक्टर ने जिला स्तर पर पेयजल समस्या निराकरण से संबंधित कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि कंट्रोल रूम में शिकायत पंजी संधारित की जाए और प्राप्त शिकायतों को उसमें दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा कि हैण्डपम्प खराब होने या पाइप बढ़ाने संबंधी शिकायतों का 24 घंटे में निराकरण हो। साथ ही मोटर डालने संबंधी शिकायतों का दो दिवस के भीतर निराकरण होना चाहिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्वेता पवार, एसडीएम रायसेन पीके शाक्य, ई पीएचई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए।*

### आधी रात में अचानक से भरभरा कर गिरी पक्के मकान की दीवार, बाल बाल बचे घर में सो रहे लोग

**दीवानगंज।** ग्राम अंबाडी में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब आधी रात में अचानक से पक्के घर की दीवार भरभरा कर गिर गई। वो तो गनीमत रही कि घर में सो रहे लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। इसी वजह से किसी को कोई चोट नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक अंबाडी निवासी पूरन शाक्य जो मेहनत मजदूरी का काम करते हैं उन्होंने4 साल पहले ही किसी तरह से पैसे इकट्ठे करके पक्का मकान बनाया था। उन्होंने बताया कि दीवार गिरने से लगभग उनका दस हजार रुपये का नुकसान हो गया है।

# पांच कार्यकताओं ने ओशो संयास दीक्षा ली, बम्होरी में हुआ कार्यक्रम आयोजित

## ओशो नव सन्यास उत्सव व होली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



तहसील के कस्बा बम्होरी में ओशो नव उत्सव सन्यास व होली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश- विदेश से बड़ी संख्या में ओशो अनुयाई शामिल हुए। संचालक स्वामी अखिलेश भारती (ओशो स्पेस बैंगलोर) के मार्ग दर्शन में आयोजित कार्यक्रम के आयोजक डाक्टर अरविंद कुशवाह व बबलू स्वामी द्वारा आयोजित समारोह में ध्रुपद गायिका सुरेखा कांबले भोपाल के द्वारा ध्रुपद की विशेष प्रस्तुति देकर उपस्थितों का मन मौह लिया। लक्ष्मी गार्डन में आयोजित किए गए ओशो नव सन्यास व होली महोत्सव कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम के आयोजक डाक्टर अरविंद कुशवाह व बबलू स्वामी ने बताया कि कार्यक्रम में 5 नए कार्यकर्ताओ ने ओशो संयास दीक्षा ली। समापन अवसर पर आयोजको ने कार्यक्रम में सहभगिता करने वाले नागरिकों का आभार माना।

# आसमान में घने बादलों का डेरा, एक से दो दिन में बारिश होने की संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

एक बार फिर से मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। बुधवार सुबह से आसमान में घने बादल छा गए हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है, इन दोनों रबी की फसल गेहूं और चना पककर तैयार है, तो कई जगह खेतों में कटाई भी चल रही है।

मौसम विभाग ने 30 मार्च को हल्की बारिश होने की संभावना जताई है, जिसके चलते 27 मार्च से ही मौसम बदल गया है कुछ दिनों से रायसेन में दिन का तापमान 36 और रात का 20 डिग्री दर्ज किया जा रहा था। पश्चिमी विक्षोभ के चलते 30 मार्च को जिला सहित विदिशा, सीहोर और भोपाल में भी मौसम में बदलाव देखा जा सकता है। इस दौरान कहीं-कहीं गरज चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। यदि बारिश अधिक हुई तो पकी हुई फसलों के कलर पर इसका विपरीत असर पड़ सकता है।



### हेडगेवार कॉलोनी में मनाया होली मिलन समारोह



सांची। सांची के हेडगेवार कॉलोनी वार्ड नंबर 13 में होली मिलन समारोह मनाया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर होली खेली। किसान पूरन सिंह कुशवाहा ने बताया कि सबसे पहले लोगों ने मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इसके बाद होली उत्सव मनाया। कार्यक्रम में पत्रकार रजनीश श्रीवास्तव, रिटायर्ड मूलचंद हेड साहब, रिटायर्ड ओझा जी, पन्नालाल कुशवाहा, राजीव श्रीवास्तव, धनीराम सेन, रेंजर रिटायर्ड गोस्वामी जी, दिनेश जोशी, दीपक राय साहित्य अनेक लोग मौजूद थे।

## बहनों ने भाईयों के मस्तक पर लगाया तिलक, दिया दीर्घायु होने का आशीर्वाद

# भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम का प्रतीक भाईदूज पर्व उत्साह से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रंगों के त्योहार होली पर्व मनाने के बाद बुधवार को भाई दूज का त्यौहार अति उत्साह के वातावरण में मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाइयों के मस्तक पर तिलक लगाया और उन्हें दीर्घायु होने का आशीर्वाद भी दिया, भाइयों ने भी खुशी के साथ अपनी बहनों का मुंह मीठा कराते हुए आशीर्वाद लिया एवं उपहार भेंट किए। सनातन धर्म में भाई दूज का बड़ा महत्व है इस दिन बहनों से तिलक लगवाने बहुत ही शुभ माना गया है, तिलक सुख समृद्धि एवं विजय का प्रतीक माना जाता है, सुबह से लेकर देर शाम तक भाई दूज का पर्व लोगों ने उत्साह के साथ मनाया।

शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचल क्षेत्र में भी धूमधाम के साथ मनाया गया। भाई दूज पर कई गांव में हुई रंग गोबर की होली, जहां एक और भाईदूज के मौके पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाया वही दूसरी ओर प्राचीन चली आ रही परंपरा के अनुसार रंग गुलाल के साथ होली खेली गई वहीं कई गांव में गोबर की होली उत्साह के साथ के साथ खेली गई। इस दिन ग्रामीण क्षेत्रों मे ग्रामीण फागुन के मनभावन गीतों का आनंद लेते है, होली की खुशी में कई गांव में राई



### तिलक लगाकर मनाया भाई दूज का त्योहार....



**सांची।** होलिका दहन के बाद आने वाला त्यौहार भाई दूज पर बहन अपने भाई को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर अपना प्यार बरसती हैं। भाई बहन का अटल प्यार इसी दिन देखने को मिलता है लड़ते झगड़ते भाई-बहन हमेशा आपको मिलते रहेंगे लेकिन यह दिन उनकी जिंदगी का सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इस दिन को बहन पूरा 1 वर्ष के लिए इंतजार करती है वह अपने भाई से गिफ्ट मांग कर उसे तंग करती हैं। भाई बहन का यह प्यार बहुत ही मनोभावक होता है। भाई भी अपनी बहनों को अच्छे-अच्छे उपहार देकर उनकी खुशियों मैं चार चांद लगा देते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों मे भाई दूज के त्योहार पर रंग गुलाल की परंपरा रही है। इसी दिन लोग अनरय वाले घरों पर पहुंच कर होली मिलते हैं, इस प्रकार से जिले भर में भाई दूज एवं रंगों का त्यौहार उत्साह के साथ पूजा की। भाई दूज के त्योहार पर कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त के मंदिर पर पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना करते हुए एक दूसरे को भाई दूध पार्वती शुभकामनाएं दी।

# कायमपुर में भाईदूज पर हुआ ठाकुर बाबा के यहां राई नृत्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले गांव दीवानगंज के पास स्थित कयामपुर में हर साल की तरह इस साल भी होली के दूसरे दिन भाई दूज पर प्राचीन ठाकुर बाबा मंदिर के प्रांगण में राई नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के कई गांव के ग्रामीणों ने आकर प्राचीन ठाकुर बाबा के यहां प्रसाद चढ़ाकर वहां हो रहे राई नृत्य का आनंद लिया। ग्राम कयामपुर में हर साल भाई दूज पर प्राचीन ठाकुर बाबा मंदिर पर राई नृत्य का आयोजन होता है जिसमें दूर-दूर से कई गांव के भक्त ठाकुर बाबा के दर्शन करने आते हैं। ग्रामीणों का कहना है ठाकुर बाबा के यहां जो भी मन्नत मांगते हैं वह पूरी होती है राई नृत्य कराते है।